**Punjab Kesari** **Date 24.06.2023**

# नॉर्थ ईस्ट में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई और नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे लोगों की मदद करने के लिए एक खास तरह का अभियान चलाया। पुलिस ने एक एनजीओ के सहयोग से नशा मुक्त भारत के तहत शुक्रवार को इलाके में स्थित सामुदायिक कल्याण केंद्र में नशा मुक्ति पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।


डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की

इस कार्यक्रम में तकरीबन 160 युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें अपराधियों की संगति से दूर रहने और नफरत भरे वीडियो की नकल न करने के लिए भी प्रेरित किया गया। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग, मानव जाति के लिए एक गंभीर खतरा होने के कारण, व्यक्तियों, परिवारों और समाज के लिए विनाशकारी परिणामों को जन्म दे सकता है। किसी भी प्रकार के नशे की लत से व्यक्ति को शारीरिक, आर्थिक और मानसिक समस्याओं सहित मृत्यु तक का सामना करना पड़ सकता है। समाज से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे को खत्म करने के लिए, उत्तर-पूर्वी जिले की ओर से लगातार विभिन्न कार्यक्रम और अभियान चलाए जा रहे हैं।